कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य / मा–द / गुण.प्र. / गुणवत्ता / 61186 / 2021–22/Vol-II   दिनांक– 20.05.2022

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।

विषय– सत्र 2022–23 के लिए ब्रिज कार्यक्रम के तहत ग्रीष्मकालीन गृहकार्य शीट्स (Summer Holiday homework sheets) उपलब्ध करवाने के संबंध में।

प्रसंग– DRM दिनांक 18.05.2022 में ब्रिज कार्यक्रम के संबंध में प्रदत निर्देश के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंगानुसार सत्र 2022–23 के विद्यार्थियों हेतु "फास्ट ट्रैक लर्निंग" आधारित ब्रिज कोर्स कार्यक्रम के आरम्भ एवं विद्यार्थियों की अध्ययन अनवरतता हेतु ग्रीष्मावकाश गृहकार्य (Holiday homework) दिया जाना है ताकि ग्रीष्मावकाश अवधि का सदुपयोग, विद्यार्थी के अधिगम स्तर सुधार हेतु सुनियोजित रूप से किया जा सके।

विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन गृहकार्य (Summer Holiday homework) के रूप में विद्यार्थियों के ब्रिज कार्यक्रम हेतु :–

1. कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित 18 अधिगम वर्कशीट्स (हिंदी, अंग्रेजी, गणित प्रति विषय 6) तथा कक्षा 9 से 12 के लिए प्रश्न बैंक के डाउनलोड लिंक SMILE मैसेज के माध्यम से दिनांक 23.05.2022 को उपलब्ध करवाए जाएगे।
2. इस SMILE मैसेज की पहुँच प्रत्येक विद्यालय, शिक्षक एवं विद्यार्थी तक सुनिश्चित करें।
3. इन वर्कशीट्स को विद्यार्थियों को अपनी ग्रीष्मकालीन गृहकार्य पुस्तिका में हल करना हैं।
4. जिन विद्यार्थियों के पास डिजिटल पहुंच नहीं है अथवा जिन विद्यार्थियों को इन वर्कशीट को हल करने के दौरान कोई समस्या आती है तो विद्यालय में निर्धारित दिवस पर उपस्थित शिक्षक से वर्कशीट प्राप्त करेगें तथा संबंधित शिक्षक / कक्षाध्यापक से फोन कॉल अथवा ऑफलाईन / ऑनलाईन माध्यम से शंका समाधान कर सकेंगे।
5. सभी विद्यार्थियों को यह ग्रीष्मकालीन गृहकार्य वर्कशीट पूर्ण करने अनिवार्य होगी। ऐसे निर्देश समस्त संस्थाप्रधानों तथा शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को दिए जाने हैं।
6. ग्रीष्मावकाश के समाप्ति पर तथा शंका समाधान के दौरान शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी को प्रश्न के हल के दौरान आ रही समस्याओं का सूक्ष्म अवलोकन करें, वर्कशीट की गहनता से जांच करें ताकि विद्यार्थी के अधिगम स्तर का सही अनुमान लगाया जा सके।

<u>नोट :–</u> पाठ्यक्रम पूर्णता आधारित नहीं अपितु दक्षता प्राप्ति (Competency Attainment) केंद्रीय समर्थन दिया जाना है।

ब्रिजकोर्स के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों के साथ–साथ विद्यार्थियों के परिवारजनों को भी गत सत्र में रहे लर्निंग लॉस को रिकवर करने हेतु अभिप्रेरित कर साथ में जोड़ा जाए। इसके लिए विद्यार्थी के माता–पिता अथवा अभिभावकों को विद्यार्थियों के लर्निंग लास को रिकवर करने लिए संचालित कार्यक्रम के तहत ग्रीष्मावकाश में जाने वाली वर्कशीट्स तथा प्रश्न बैंक के बारे में जानकारी दें। उन्हें इसकी महत्ता के बारे में बताकर जागरूक किया जाए, कि वे अपने बालक/बालिका को ग्रीष्मावकाश गृहकार्य पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

(गौरव अग्रवाल)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री (प्रारम्भिक तथा माध्यमिक), संस्कृत शिक्षा, कला साहित्य, संस्कृति तथा ए.एस.आई राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया।
3. विशिष्ट सहायक, मा. राज्य मंत्री महोदय, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त समग्र शिक्षा एवं आयुक्त, राजस्थान शिक्षा परिषद्, जयपुर।
6. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग राजस्थान, बीकानेर।
7. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1/6) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
9. निजी सचिव, निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार।
10. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
11. उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
12. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
13. सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
14. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
15. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
16. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते